स्पीकर साहब, यहां कांग्रेस राज और जनता राज का भी जिक्र आया। कहा गया कि जनता गवर्नमैंट की गाड़ी अढ़ाई साल में पटड़ी से उतर गई। अब क्या आप अपनी गवर्नमैंट को पटड़ी पर ले जा रहे हो? इसका हाल तो आपने कल सुन लियाा अढ़ाई सौ आदमी बिला किसी कसूर के जख्मी कर दिए। प्रो0 गुगन सिंह की, जो रोहतक के एक स्कूल में प्रिंसीपल हुआ करते थे, रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। अढ़ाई सौ आदमी जेल भेज दिए। (विघ्न) कल बी0बी0सी0 का नुमायंदा मुझे कुदरती मिल गया। मैं पीपली के पास से गुजर रहा था तो उसने मुझे पहचान लिया और रोक लिया। मैंने पूछा कि कहां जा रहे हो? उन्होंने कहा कि चंडीगढ़। मैंने उन्हें कार में बैठा लिया और आपके पिहोवा ले

गया। वहां पुलिस ने बलबीर सिंह को पकड़ रखा था। जसमेर सिंह को पकड़ा हुआ था और कोई 40 ट्रैक्टर वहां खड़े हुए थे। उनमें ईंटे लदी हुई थी। उनमें आदमी कहां बैठ सकते थे? अपने समय में मैंने कहा था कि ट्रैक्टर एक किस्म से किसानो ंका गड्ढ़ा है और इस पर कोई पाबंदी नहीं । हमने तो टोकन टैक्स भी माफ कर दिया था। (विघ्न)

स्पीकर साहब, वर्ल्ड बैंक के पैसे के बारे में एक बात मैं और यहां बता देना चाहता हूं। वर्ल्ड बैंक से 32 करोड़ रूपया मिला था और इन्होंने उसेग खर्च करने के लिये देवेंद्र भार्मा को फुल–फलैज्ड स्टेट मिनिस्टर बना दिया। इस 32 करोड़ रूपये में से आठ करोड़ रूपया ये दोनों मिल कर खा गये। स्पीकर साहब इन लफजों को न कटवाना क्योंकि इन्होंने मेरे पर केस चलाना है। जहां इस तरह की करप् ान हो तो फिर कैसे तरक्की हो सकती है? (ोम भोम की आवजें)

स्पीकर साहब, आपको पता है कि ये लोग किस तरह से डिफैक्ट करके गये है। चौधरी रहीम खां ने मेरे पास एक आदमी भेजा। उसने मुझे कहा कि अगर चौधरी साहब मुझे अपने यहां लेने के लिये तैयार है तो मैं जाउंगा लेकिन मुझे मिनिस्टर बना दें और जो मेरा इलैक् ान में खर्चा हुआ है वह भी दे दें। इसी तरह से और भाई भी है जो पांच पांच लाख में गये है और री लछमन सिंह जी राम लाल जी के मुख्य मंत्री बनने की वजह से गये है क्योंकि हिमाचल में कांग्रेस की मिनिस्टरी बन गई थी।

(ाोंर एवं व्यवधान) स्पीकर साहब, वर्ल्ड बैंक की तरफ 32 करोड़ रूपया वृक्ष लगाने के लिये दिया गया। एक रूपया फी दरखत के हिसाब से दिया था। इसी प्रकार वाटर सप्लाई की स्कीम भी वर्ल्ड बैंक की है। जिस सरकार में ऐसी बातें हो फिर हम गवर्नर साहब के ऐड्रैस की कैसे ताइद कर सकते है? हरियाणा के गवर्नर साहब को मालूम है कि किस तरह से पुलिस ने लाठियों से लोगों को मारा है। लोग चंडीगढ़ से मन बना कर गये है कि जिस तरह से हमें लाठियों से मारा है, जब ये मिनिस्टर गांव में जायेंगे उस समय हम इन्हें मुरबे देंगे। इसलिये इस प्रस्ताव का समर्थन करने में मैं असमर्थ हूं। मैं इस ऐड्रैस का विरोध करता हूं और आपने जो थोड़ा सा टाईम दिया उसके लिये आपका भाुक्रिया अदा करता हूं।

डा0 ओम प्रका ा भार्मा(जगाधरी): स्पीकर साहब, गवर्नर साहब को भाुक्रिया अदा करने का प्रस्ताव सदन के सामने पे ा है। आने मुझे चंद मिनट इस प्रसताव पर बोलने के लिये दिये है। पहले तो मैं आपका भाुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि आपने मुझे समय दिया है। स्पीकर साहब कल जब गवर्नर साहब अपना एड्रैस सदन में पढ़ रहे थे उस समय जो.....देखने को मिली वह बहुत ही गलत है। ऐसा सलूक गवर्नन साहब के साथ अपोजी ान के भाइयों को नहीं करना चाहिए था। यहां पर जिस.....और .....का मुजाहिरा किया गया उसकी जितनी भी मुजम्मती की जाये उतनी ही कम है। अगर सदन में

इसी तरह से बेबुनियादी और.....बातें करने का सिलसिला रहा तो बहुत ही गलत बात होगी। इस सदन में जिन लोगों को चुन कर भेजा गया है वे ही सेवा नहीं कर सकेंगे तो और कौन करेगा। लोगों ने आपको सेवा करने के लिये भेजा न कि इस तरह की बाते करने के लिये। (ाोर) हमें इस प्रांत की सेवा करनी चाहिये। (ाोर)

मास्टर ि ाव प्रसादः स्पीकर साहब, यह भाब्द एक्सपंज करना चाहिए। यह भाब्द अन–पार्लियामैंटरी है।

श्री अध्यक्षः बेहूदा भाब्द एक्सपंज कर दिया जाए।

डा0 ओम प्रका ा भार्माः स्पीकर साहब मेरे विपक्ष के भाइयों को ऐसी गलत बातें कहने की पुरानी आदत है। यह कोई नयी बात नहीं है। अब जो भी बात मैं कहूंगा उसमें वे रूकावट अव य डालेंगे। अभी इन्होंने यहां पर सन् 1972 का जिक किया। मैंने इन्हें सन् 1972 में किस तरह से हराया था उस बात को ये भूलेंगे नहीं।

स्पीकर साहब, गवर्नर साहब ने सदन में जो अभिभाशण दिया है और हरियाणा की तरक्की के विशय में जो कुछ कहा है उसमें कोई ऐसी बात नहीं जिसे बायसे ार्मंदगी कहा जाये। आज दे ा में जितनी तरक्की हुई है या दे ा के बेहतर हालात हुए है इसका सारा श्रेय कांग्रेस (आई) पार्टी को जाता है और उस पार्टी की वाहिद लीडर श्रीमति इंदिरा गांधी को जाता है। कुछ अर्से के

लिये वे हटी लेकिन फिर बरसरेइकतदार आयी। चौधरी देवी लाल भी बहुत पुरान लीडर है। उनका बड़ा मान और सम्मान है। सारी जिन्दगी स्ट्रगल में गुजरी है। बडत्रे ही अनथक वर्कर है। जिस चीज को ले कर चलते है चाहे वह भली हो या बुरी हो लेकिन उसके लिये स्ट्रगल जरूर करते है। चौधरी देवी लाल को मैं सन् 1967 से देख रहा हूं उन्होंन जयादा डिस्ट्रक्टिव कार्य किया है और इसी लिये वे गवर्नर साहब की तकरीर की मजहमत कर रहे है।

स्पीकर साहब, लोकदल के भाई मेरे पीछे लगे हुए है। डाक्टर ओम प्रका ा ने एक बार गलती की है लेकिन वह अब फिर नहीं कर सकता। सन् 1957 में जनसंघ पार्टी से मैम्बर बन गया था लेकिन सन् 1972 में मैंने आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और जनसंघी उम्मीदवार को दस हजार वोटों से हराया। सन् 1977 में जिस जनसंघी उम्मीदवार ने मुझे छ हजार वोटों से हराया था उसी उम्मीदवार को इस बार चार हजार वोटों से हराया। अपोजी ान के भाईयों की गाड़ी तीन पहिये की है। लोकदल, जनसंघ यानी भारतीय जनता पार्टी और तीसरी पार्टी बाबू जगजीवन राम जी की (जे) है जिसका केवल एक मैम्बर है। अब आप अंदाजा लगाइयें कि तीन पहिये की गाड़ी कैसे चल सकती है? इनकी गाड़ी बहुत ही कमजोर है। अगर कोई भाई हमारी गाड़ी में सवार होता है तो वह मजबूत गाड़ी में बैठता है। इस गाड़ी की मंजिल पायदार है। हमारी गाड़ी मंजिल तक पहुंचा

सकती है लेकिन इनकी गाड़ी इस काबिल नही है। चंडीगढ़ में जहां ये कह रहे थे कि चार पांच लाख आदमियों को लायेंगे वहां केवल दो अढ़ाई हजार आदमी ही पहुंचे है। अगर इनकी बात भी मान लें तो ज्यादा से ज्यादा चार पांच हजार आये होंगे। सिरसा जिले का जिक आया। वहां से केवल एक सदस्य विपक्ष का आया है। कुछ भाई यहां चंडीगढ़ में लोकदल वालों के साथ आ गये। उनको न खाना मिला न ठहरने के लिये जगह मिली। वे लोग चौधरी भजनलाल जी से मिलं कि चौधरी साहब हमें लोकदल के भाई उठा कर लाये थे कि तुम्हारा राज बन रहा है। यहां पर हम पहुंचे तो पता चला कि कुछ भी नहीं है। उन बेचारों को खाना नहीं मिला और न ही उनके पास वापिस जाने का किराया था लेकिन चौधरी भजनलाल जी तो बड़े ही नर्म दिल के है उन्होंने उन्हें खाना भी खिलाया और बस में बैठा कर वापिस गांव में भिजवाया। (ाोर एवं व्यवधान) स्पीकर साहब वैसे मैं विपक्ष के भाईयो का अहतराम करता हूं। अपोजी ान जरूर होनी चाहिये। अगर अपोजी ान नहीं होगी तो इस जम्हूरियत में ताकत के मदमस्त हाथी को कंट्रोल कौन करेगा। उसको कंट्रोल करने के लिये विपक्ष मजबूत रहे क्योंकि इस सदन को विपक्ष की जरूरत है। अगर विपक्षी भाई तखरीबी बातों को छोड़कर तामीरी रवैये को अपनायें तो ठीक रहेगा। नुक्ताचीनी करें लेकिन सेहतमंदाना नुक्ताचीनी करें। हैल्दी क्रिटीसिजम करें। अगर विपक्षी भाई हैल्दी क्रिटीसिजम करते है तो इससे हरियाणा का ही भला नहीं होगा बल्कि हमारे दे ा का भी भला होगा। इसमें हमारा भी

भला है, इनका भी भला है और सब का भला है। इन भाब्दों के साथ, मैं गवर्नर साहब को उनके ऐड्रैस पढ़ने पर हार्दिक दिल से भाुक्रिया अदा करता हूं।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण

(1) उद्योग मंत्री द्वारा

उद्योग मंत्री(सरदार लछमन सिंह): आन ए प्वायंट आफ पर्सनल एक्सप्लेने ान, सर। स्पीकर साहब, एक बात तो डाक्टर साहब ने यह कही कि हमें परवाणु ले गये। मैंने डाक्टर साहब की भाक्ल कल देखी है, जब से असैम्बली का इलैक ान भाुरू हुआ। न ये परवाणु गये और न मैं इनको मिला। उससे पहले मैंने इनको नहीं देखा। (व्यवधान व भाोर)

डा0 मंगल सैन: स्पीकर साहब, ये गलत बोल रहे है। क्या पहले टैलीफोन पर बात नहीं हुई थी?

सरदार लछमन सिंह: स्पीकर साहब, अभी तो यक कह रहे थे कि परवाणु ले गये, अब आप ही देख लीजिये डाक्टर साहब कितना सच बोलते है। (व्यवधान व भाोर) अभी चौधरी देवी लाल जी ने एक बात कही। मैं एक बात तो यह बताना चाहता हूं कि 1975 के बाद से मैं कोई बिजलैस नहीं करता। (व्यवधान व भाोर) अगर चौधरी देवी लाल यह साबित कर दें तो सजा भुगतने के लिये तैयार हूं कि मैं बिजलैस करता हू। (व्यवधान व भाोर) सैंकड़ों आदमी बिजलैस करते होंगे कितनों के पीछे पड़ोगे। वैस

तो ओपन आक ान होती है कोई भी काम कर सकता है। चौधरी देवी लाल जी हरियाणा के चीफ मिनिस्टर बनाना चाहते है। बने, बड़ी खु ाी से बनें। केवल दस दिन पहले की बात है। मेरे हल्के कालका में गये। वहां पर पब्लिक जलसा किया। मैं उस व्यक्ति की क्वालीफिके ान बताना चाहता हूं जो हरियाणा का भविश्य में चीफ मिनिस्टर बनना चाहता है कि वह क्या कहता है। सरकार बनाने के लिये वोट तो मेरी लेनी है लेकिन वहां के वोटर्ज से क्या कहता है। वहां पर बोलते हुए यह कहता है कि कालका के लोगों सुन लो। (व्यवधान व भाोर) उस हल्के में जाकर बोलता है जहां पर इनकी पार्टी का कैंडीडेट खड़ा था और उसको 58,000 में से केवल 2019 वोट पड़ी है। जमानत की बात तो छोड़िए। 2000 वोटें तो सड़क पर चलते को पड़ जायेगी। एक आदमी को छोड़कर बाकी सब की जमानत जब्त हो गयी।

डा0 मंगल सैनः कांग्रेस का भी बता दो।

सरदार लछमन सिंहः इसमें भाक की क्या बात है, वह भी हार गया। क्या आपको पता नहीं है। मैं यह भी बता दूं कि जब मैं इलैक ान लड़ा हूं तो मैने सारे प्लेटफार्मों पर यह कहा है कि असली कांग्रेसी मैं हूं। इंदिरा गांधी एक टावरिंग परसनैलिटी है। मैं उनकी तारीफ करता हूं। मैंने तो हरेक प्लेटफार्म पर और हरेक इलैक ान मीटिंग में यह कहा है। मैंने उनको कोई गलत बात नहीं कहीं लोगों से मैंने यह भी कहा कि देखिये, यह मेरी मर्जी है कि मैं जहां चाहूंगा जाउंगा। यह मेरे को किसी की

पाबंदी नहीं है कि किसी खास पार्टी में ही जाउं। चौधरी देवीलाल कालका में पब्लिक प्लेटफार्म पर क्या फरमाते है जाकर, जरा यह भी सुन लो। यह कहते है कि ज्यों ही मैं चीफ मिनिस्टर बना, सरदार लछमन सिंह को हथकड़ी लगाकर कालका बाजारों में फेरूंगा। यह तो इनका अखलाक है। (व्यवधान व भाोर)

(2) चौधरी देवी लाल द्वारा––

चौधरी देवी लालः स्पीकर साहब, मैं इस पर पर्सनल एक्सप्लेने ान देना चाहता हूं। लोगों ने यह पूछा कि वापिस तो नहीं लोगे, मैंने कहा नहीं। लोग कहने लगे कि वह तो राज के बगैर रह नहीं सकता। आपके पास आ जायेगा। (व्यवधान व भाोर) मैंने यह कहा कि हथकड़ी लगाकर बाजार में फिराउंगा। (व्यवधान व भाोर) लोग तो यह चाहते थे कि इनकों फांसी पर चढ़ा दिया जाये। (व्यवधान व भाोर)

(3) उद्योग मंत्री द्वारा – (पुनराम्भ)

सरदार लछमन सिंहः स्पीकर साहब, मैंने जिंदगी में दो गलतियां की है। एक तो यह कि इनको सन् 1967 में एक कार और 5,000 रूपये दिये। दूसरी गलती 1978 में की। चौधरी देवी लाल उस वक्त जा रहे थे, लेकिन जाती–जाती इनकी चीफ मिनिस्टरी बचा ली। (व्यवधान व भाोर) यह जा रहे थे इनकी चीफ मिनिस्टरी को बचा लिया वरना यह उसी समय साफ हो गये थे। मेरा इतना अहसान तो क्या मानेंगे कि मैंने इनकी चीफ मिनिस्टरी

को बचा लिया। मैंने इनसे यह कहा कि जब 75 थे तब नहीं चला सके, अब 45 की कैसे चलाओगे। उस समय ऊपर चौधरी चरण सिंह का राज था अब यहां पर श्रीमती इंदिरा गांधी का राज है। आपके बस की दो दिन की भी बात नहीं है। रात को 11 बजे सो जाओंगे ओर 4 बजे उठोगे। आपको राज कौन करने देगा। मेरी बात का जवाब तो यह नहीं दे सकते। (व्यवधान व भाोर) चौधरी साहब, मैं आपको एक सलाह दूंगा। अब आप आराम से बैठ जायें, यह सरकार पूरे पांच साल तक चलेगी। जो पांच आदमी इधर आना चाहते है पहले उनकों तो आप रोक लें। आप कितनी देर तक उनको बांध कर रखोगे। जो आना चाहते है उनको आने दो। मैं तो सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं।

(4) कर्नल राव राम सिंह द्वारा–

कर्नल राव राम सिंहः स्पीकर साहब, मैं पर्सनल एक्सप्लेने ान पर दो मिनट लेना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि मैं बड़ा खु ाकिस्मत हूं कि चौधरी देवी लाल डाक्टर मंगल सैन और चौधरी बीरेंद्र सिंह की मेरे ऊपर दया दृश्टि पड़ती है। डिफैक ान की बात बार–बार हो रही है। मैं कांग्रेस (जे) के टिकट पर इलैक्ट हुआ था। मेरे को उस वक्त चौधरी चरण सिंह ने डिप्टी चीफ मिनिस्टरि ाप आफर की। उस वक्त 5 एम0पीज0 मौजूद थे। मैंने कहा कि चौधरी साहब, आप मेरे को तो डिप्टी चीफ मिनिस्टररि ाप आफर कर रहे हो, आप मेरे दोस्त डा0 मंगल सैन जी को ही डिप्टी चीफ मिनिस्टररि ाप दे दीजिए। खामखाह

वे नाराज हो जायेगें और आपकी एलायंस में भंग पड़ जाएगा। इसलिये आप डाक्टर मंगल सैन को ही डिप्टी चीफ मिनिस्टरि ाप बना दीजिए। उन्होंने दो अढ़ाई साल तक हरियाणा के इंडस्ट्रीज मिनिस्टर के रूप में सेवा की है या मुरम्मत करी है, यह सारी दुनिया जानती है इसलिये आप इनको ही डिप्टी चीफ मिनिस्टर बना दें ताकि और पांच साल तक वैसे ही सेवा या मुरम्मत करते रहें। आप इसको डिफैक ान समझो या कुछ और समझों, मैं डिप्टी चीफ मिनिस्टरि ाप को ठोकर मार कर इधर आया हूं। अगर मैं लोक दल या जनसंघ में मिलूं तब तो यह डिफैक ान कतई नहीं मानी जाती है लेकिन अगर मैं कहीं और जाता हूं तो यह डिफैक ान मानी जाती है। कांग्रेस (जे) पार्टी अलग–अलग हो जाती है और मैं लोकदल में मिलूं तो यह डिफैक ान नहीं माना जाता लेकिन अगर मैं कांग्रेस (आई) में मिलूं तो वह घोर डिफैक ान माना जाता है, यह पोलिटिक्स मेरी समझ में नहीं आती। मैं तो वैसे भी फौजी आदमी हूं। पोलिटिक्स तो वैसे ही मेरी समझ में नहीं आती। सन् 1978 की बात है उस वक्त मैं पूरी रात ज्वार के खेत में चौधरी देवी लाल की सरकार को बचाने के लिये खड़ा रहा। फूसा राम मेरे साथ थे भाायद वे यहां पर बैठे हुए होंगे। कैप्टन मांगे राम को लाने के लिये मैं पूरी रात ज्वार के खेत में खड़ा रहा। उसके तुरन्त बाद मेरे को एक रिपोर्ट मिली कि इनके बड़े सुपुत्र रिवाड़ी में पहुंच चुके है। वह बोले कि इस कर्नल की किसी तरह से जड़ें काटो। कोई भी आदमी मेरे को बताओ जो कर्नल की जड़े काट सके। मैंने इनसे आकर दरखास्त

की। मैंने कहा चौधरी देवी लाल क्या मेरी लायलिटी में कुछ फर्क है या मेरी एफी ीयैंसी में या एडमिनिस्ट्रेटिव एबिलिटी में कुछ फर्क है। इनका जवाब था कि वह तो नालायक है मैं क्या करूं मेरे बस का रोग नहीं। उसके बाद चौधरी चरण सिहं से मैं मिला। मैंने कहा जहां पर भी रहूंगा इज्जत से रहूंगा मुझे कोई स्पीकरी नहीं चाहिये और कोई मिनिस्ट्री नही ंचाहिये। चौधरी चरण सिंह ने जो भाब्द चौधरी देवी लाल ने अपने सुपुत्र के लिये कहे थे, वही भाब्द इन्होंने इस्तेमाल करे वह कहते है कि मैं क्या करूं? उस वख्त भी मैंने कहा, अच्छा मैं हाथ जोड़ता हूं। अब आप इसको डिफैक ान मानें या कुछ और मानें। उसके बाद क्या हुआ, चौधरी भजनलाल के हल्कें में एक कत्ल हुआ। इनका ही एक आदम कत्ल के केस में गिरफ्तार हो गया। यह मेरे पास आये। हम दोनों चौधरी देवी लाल के पास गये । इनके बड़े सुपुत्र ने वायरलैंस से मैसेज पुलिस को भेजा कि फलां आदमी को अरैस्ट कर लो। उसके बाद मैं चौधरी देवी लाल जी की तारीफ करता हूं। (व्यवधान व भाोर)

चौधरी देवी लालः क्या यह पसर्नल एक्सप्लेने ान है।

कर्नल राव राम सिंहः स्पीकर साहब, मैं चौधरी देवी लाल की तारीफ करता हूं। इन्होंने उस वक्त टैलीफोन किया और यह कहा कि जो भजनलाल का आदमी है, उसको फौरन छोड़ दिया जाये। उसी टैलीफोन पर दूसरी साईड पर इनके सुपुत्र बैठे हुए थे। उन्होंने यह कहा, मेरे सामने की बात है, मुख्य मंत्री मैं

हूं, चौधरी देवी लाल नहीं। खबरदार अगर भजन लाल के आदमी को छोड़ा। (ोम भोम की आवाजें) मेरे ऊपर यह इल्जाम लगाते है कि मैं डिफैक्ट कर गया हूं। सन् 1977 के अंदर जो रिवाड़ी में इलैक ान हुआ, उस वक्त डाक्अर साहब को भी पता है कि जनता पार्टी के चंदे की टिकटें इ ू की गयी थी। मैं तो नयानया राजनीति में आया था। फौजी को किसी तरह से फूल बना लों। जो चंदे की टिकटें इ ू की गयी थी, वह सारा चंद रिवाड़ी से लेकर रोहतक भेजा गया। जब मैंने पूछा कि वह टिकटें कहां है तो कहने लगे वह टिकटें तो गुम गुमा गयी। मुझे यह पता लगा कि यह सारा चंदा रिवाड़ी से इक्ट्ठा करके रोहतक भेजा गया। इसलिये मैं बड़ा खु ा हूं कि आप मुझे ऐसे कामों के लिए डिफैक्टर का ओहदा दे रहे हो। मैं यह कहूंगा कि मैं तो वही काम करूंगा तो मेरी इलैक्टोरेट कहेगी। गवर्नर साहब वाली बात कहने के लिए मैं एक–दो मिनट और चाहूंगा। गवर्नर साहब के पास मैं गया। मैं गलत बात नहीं कहता। उस बारे में भी मैं बताना चाहता हूं कि वहां पर क्या बात हुई थी?..... .....मेरे दिल में उस वक्त एक रोश था। मैंने..... .....को कहा कि आपकी पुलिस ने तो मेरे बीवी बच्चों को मरवा दिया होता। स्पीकर साहब उस वक्त मेरे मन में इस बात का रोश था। इस रोश के कारण मैंने वहां बात की थी (ोर एवं व्यवधान)

(4) डा0 मंगल सैन द्वारा–

डा0 मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, मैं बड़े गौर से कर्नल साहब की बात सुन रहा था। मेरा विचार था कि ये साफ बतायेंगे कि कांग्रेस (जे) से कांग्रेस (आई) में भाामिल होना डिफैक ान है या नहीं है। इन्होंने जो कुछ कहा इससे ये हाउस को कंविंस नहीं करा सके उल्टे इन्होंने इल्जाम लगाया कि डा0 मंगल सैन अढ़ाई साल इंडिस्ट्रीज मिनिस्टर रहे और क्या–क्या करते रहे। मैं कहना चाहता हूं कि आप पांच साल स्पीकर रहे और क्या क्या करते रहे अगर यह बताने लगूं तो आपको जवाब देना मु कल हो जाएगा।

कर्नल राव राम सिंहः मैं उसका जवाब दे दूंगा। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि आप यह बताएं कि जनता पार्टी से बी0जे0पी0 में जाना डिफैक ासन है या नहीं है?

डा0 मंगल सैनः वह डिफैक ान नहीं है। मैं बी0जे0पी0 की टिकट पर चुनकर आया और बी0जे0पी में ही रहूंगा। अगर आपमें कुछ भी अखलाक है तो आप रिजाइन करके कांगेस (आई) के टिकट पर फिर इलैक ान लड़े स्पीकर साहब, इन्होंने एक बात कही की रिवाड़ी का सारा फंड रोहतक भेज दिया गया। मैं इस बारे में यह कहना चाहता हूं कि यह बात सरासर गलत, बेबुनियाद और मैलेसियस ऐलीगे ान है। वहां से कोई चंदा नहीं आया।

(5) राजस्व मंत्री द्वारा–

राजस्व मंत्री(श्री फूलचंद मुलाना): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, अभी सदन में चौधरी देवी लाल ने मुझ पर कुछ आक्षेप किए। आज से कुछ दिन पहले चौधरी देवी लाल मेरे हल्के के एक गांव बराड़ा में गए थे। यह गांव मेरे हल्के का सबसे बड़ा गांव माना जाता है। वहां पर इन्होंने मेरे बारे में कुछ बातें कहीं। उन बातों को साफ करने के लिये मैं अपने हल्कें के एक सौ चाजिस गांवों में घूमा था। वहां पर किसी ने भी चौधरी देवीलाल का नाम नहीं लिया। अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में लोकदल के तीन उम्मीदवार खड़े थे। एक औफि ायल था ओर दो नौन औफि ायल थे। सब की जमानत जब्त हुई है। जो इनका औफि ायल कैंडीडेट था उसको केवल उन्नीस सौ वोट पड़े थे। लोग तो मुझे कहते थे कि लोग तो आपके साथ आ गए और दल वहां पर रह गया। लोगों ने मुझे ही कांग्रेस का उम्मीदवार माना था । जलसों में एक ही नारा था हमारा नेता फूलचंद और दे ा की नेत इंदिरा गांधी। मैं तो जलसों में यह कहता था कि पहचान कर लो कि असली कांग्रेसी कौन है और नकली कौन है। मुझ पर तो आक्षेप करने की जरूरत नहीं है।

चौधरी देवी लालः यह भी तो बता दें कि गवर्नर साहब के पास कैसे गए थे?

श्री फूलचंद मुलानाः आपके साथ गया था। आपने कहा था कि प्रताप के जमाती हो। ला में उसके साथ पढ़ते थे। मैं तो जरा महौल देखने गया था। माहोल देखकर आ गया। क्या कुछ

वहां पाया अगर मैं कुछ कहूं तो यह ठीक नहीं रहेगा। आप किस तरह से इक्ट्ठे जो जाते है मैं उस बात में वि वास नहीं करता। हिंदुस्तान में हजारों किस्म की जातियां रहती है और आपके दल के बारे में हजारों बातें सुनने में आती है। आप हरिजनों को वोट नहीं डालने देते। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी बीरेंद्र सिंहः 17 मैम्बर्ज में से ग्यारह इधर बैठे है। आप कहते है कि हरिजनों को वोट नहीं डालने देते।

श्री फूल चंद मुलानाः जिन ग्यारह हल्कों का आप जिक कर रहे है उनमें आप यह देखें कि हरिजन और बैकवर्ड क्लासिज के कितने वोट डले है। अध्यक्ष महोदय मेरे जैसे आदमी पर कोई आक्षेप लगाता ठीक नहीं है। मैं 1972 में कांग्रेस में था और कांग्रेस की टिकट पर जीत कर आया था। 1977 में जनता पार्टी से हारा था लेकिन उसके बाद भी मैं कांग्रेसी रहा। मैं कहना चाहता हूं कि चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर भेंट करने के लिये करोड़ों रूपया इकट्ठा किया गया किसान रैली के नाम पर, नोटों की बोरियां इक्ट्ठी की गई। क्या उस सब का हिसाब आप दे सकते है?

श्री बीरेंद्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं इस पर औबजैक्ट करता हूं। यह कोई पर्सनल ऐक्सप्लेने ान नहीं है।

श्री फूलचंद मुलानाः इन्होंने मेरे पर जो आक्षेप लगाए हैं वे बिल्कुल गलत है।

राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनराम्भ)

मास्टर ि िव प्रसाद(अम्बाला भाहर): अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव आया है मैं उसके विरोध में कुछ कहने के लिये खड़ा हुआ हूं। राज्यपाल महोदय ने जब अपना अभिभाशण पढ़नें के लिये सदन में प्रवे ा किया उस समय उनको आत`हुए देखकर उनको बैठते हुए देखकर और बोलते हुए देखकर यह महसूस हो रहा था कि भाायद उनसे कोई गलत काम हो गया है और उसका बोझ उनके मन पर है। ऐसा मालूम होता था कि उनकी आत्मा उनको कोस रही है कि तुमने कोई गलत काम किया है। स्पीकर साहब हमारे बराबर में हिमाचल प्रदे ा है। वहां पर भी राज्यपाल महोदय विराजमान हैं । उन्होंने पहले अपोजी ान के नेता भाांता कुमार को सरकार बनाने के लिये बुलाया। उनको पांच बजे तक का समय दिया। रूलिंग ग्रुप के जो नेता है वे राज्यपाल से मिले लेकिन राज्यपाल ने कहा कि मैंने पांच बजे तक का समय भाांता कुमार को दे रखा है। भाांता कुमार ने कोि ा ा करने के बाद यह महसूस किया कि हम अपनी मैजोरिटी नहीं दिखा सकते तो उन्होंने गवर्नर को कहा कि हम अपनी मैजोरिटी नहीं दिखा सकते लिहाजा नौ या साढ़े नो बजे दूसरे ग्रुप के लीडर को हल्फ दिलाया। केरल में भी एक गवर्नर है। वहां पर अपोजी ान पार्टीज ने मिलकर एक ग्रुप बनाया। वहां पर कम्युनिस्ट पार्टी की जो मैजोरिटी में थी, उसको गवर्नर ने हनी बुलाया क्योंकि अपोजी ान पार्टीज ने एक

मुहाज बनाया था, एक पार्टी बनाई थी उसको सरकार बनाने के लिये बुलाया। हरियाणा में बी0जे0पी0 और लोकदल ने मिलकर चुनाव लड़ा। डाक्टर मंगल सैन और चौधरी देवी लाल अलग–अलग जाकर मिले और उनको कहा कि हमारी मैजोरिटी है, में सरकार बनाने के लिये बुलाया जाए। अध्यक्ष महोदय, हिंदुस्तान के इतिहास में आज तक ऐसा कहीं देखने में नहीं आया, जैसा हरियाणा में हुआ है। 24 तारीख को अपोजी ान के नेता को सरकार बनाने के लिये बुलाया और उसको टाईम दिया कि इतने समय तक अपनी मैजोरिटी दिखाएं लेकिन इसी बीच अकलियत ग्रुप के नेता को औथ दिला दी गई। इससे बुरी बात क्या हो सकती है। पता नहीं इसके पीछे क्या राज था। हम इसकी गहराई में नहीं जाना चाहते। अध्यक्ष महोदय, हम उस हिंदुस्तान में रहते है जो इसलिये गुलाम नहीं हुआ कि यहां पर सड़कों की कोई कमी थी। इसलिये गुलाम नहीं हुआ कि यहां पर रूपये पैसे की कमी थी। ये सब चीजें देश में थी। हमारा दे ा अवनति की तरफ इसलिये गया, इसलिये गुलाम हुआ कि दु मन ने हमला किया और अपने ही लोग दु मन से मिल गए। हालांकि हमारी जीत उस वक्त नि चत थी लेकिन दु मन से मिलकर अपने दे ा को गुलाम बना दिया। आज भी वही स्थिति हैं । लोग अपना नुमाइंदा चुनकर भेजते है और कांग्रेस के खिलाफ वोट देकर कांग्रेस के खिलाफ फतवा देते है लेकिन वे जनता के नुमाइंदे है। स्पीकर साहब, इससे बड़ी अनैतिकता और कया हो सकती है। इन बातों ने नैतिकता का गला घोंट दिया है। इस

तरह की बातों से दे ा का क्या बनेगा, इस प्रांत का क्या बनेगा। इस बात की ओर हमें ध्यान देना चाहिए अगर राज्यपाल महोदय, अपने अभिभाशण में यह कहते कि दे ा के अंदर प्रांत के अंदर भ्रश्टाचार बढ़ रहा है तो अच्छा रहता। स्पीकर साहब, अगर गवर्नर साहब गवर्नर एड्रैस में यह कहते कि यहां पर अनैतिकता है और नैतिकता का अभाव दिखाई दे रहा है जिस की तरफ हमारी सरकार अव य ध्यान देगी तो बहुत अच्छा होता। इस तरह की बातें राज्यपाल महोदय को अपने अभिभाशण में देनी चाहिये थी और साथ में यह भी कहना चाहिये था कि हमारी सरकार इस तरह की अनैतिकतिा को दूर करने के लिए यत्न करेगी लेकिन इस तरह की बातों का कोई जिकर नहीं किया गया। न ही 20 सूत्रीय प्रोग्राम के तहत किसी प्रकार का कोई जिकर किया गया है। स्पीकर साहब, गवर्नर महोदय को यह चाहिये था कि अकसीरियत वाले नेता को हल्फ दिलाते लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अगर.....फिर हमारे दे ा का भविश्य.....ऐसी हालत में कैसे बनेगा?.....
...

स्पीकर साहब, आप जानते है कि जब जनता सरकार थी, आप सब लोग उस में भागिमल थे लगभग अढ़ाई साल तक यह सरकार चली थी। उस वक्त हमारा इतना स्वच्छ प्र ाासन था और डबवाली कांड बलविंदर कौर कांड जैसा कोई कांड उस समय

नहीं हुआ था लेकिन जब भजन लाल दल–बदलुओं के साथ कांग्रेस में आए है और सरकार बनायी है तब से डबवाली कांड और बलविंद्र कौर कांड भुरू हो गये और दिन व दिन कानून व्यवस्था बिगड़नी भुरू हो गई। आज अत्याचार बढ़ रहे है, चोरियां, डकैतियां और बेईमानी बढ़ रही है। स्पीकर साहब, यह जतो चुनाव हुए है आप इनकी बात को ले लीजिए कि किस तरह से सरकारी म ीनरी का दुरूपयोग किया गया। गलत ढंग से सरकारी अफसरों का इस्तेमाल किया गया ताकि किसी न किसी तरीके से कांग्रेस को चुनाव में जिताया जाए। सरकारी अफसर सरकी म ीनरी समेत कांग्रेस को चुनाव में जिताया जाए। सरकारी अफसर सरकारी म ीनरी समेत कांग्रेस पार्टी को जिताने में लगे रहे। यमुनानगर में आपको पता है कि किस तरीके से भागदौड़ मची रही। सिढ़ौरा के अंदर भी यही हाल रहा। अगर चौधरी सूरजमल जी वहां पर न जाते तो भाायद वह सीट भी हमारे से छिन गयी होती और अम्बाला भाहर की सीट के लिये भी कांग्रेस पार्टी ने सरकारी म ीनरी व अफसरों का खूब इस्तेमाल किया क्योंकि वहां से कांग्रेस का जनरल सेक्रेटरी चुनाव के लिये खड़ा हुआ था। सरकारी दफ्तर बिल्कुल खाली पड़े थे और सभी लोग कांग्रेस पार्टी के कैंडीडेट को जिताने के लिये प्रचार वगैरह में संलग्न थे लेकिन ई वर ने इन का साथ नहीं दिया। रात साढ़े नौ बजे कांउटिंग हो चुकी थी लेनि फिर भी री–चैकिंग का बहाना बनाकर इन्होंने साढ़े 12 बजा दिये। भजन लाल जी ने हर हल्के में अपने हथकंडे अपनाये और पानी की तरह पैसा बहाया।

नैतिकता का जिस तरीके से जनाजा निकाल गया उसका राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाशण में कुछ जिकर नहीं किया कि किस प्रकार सरकार ने अनैतिकता फैलाई और नैतिकता का सत्याना ा किया। राज्पाल महोदय को इस तरह की बातें भी अपने अभिभाशण में देनी चाहिये थी क्योंकि अगर राजनैतिक लोगों में अनैतिकता होगी नैतिकता का अभाव होगा तो फिर बाकी हरियाणा के लोगों को क्या बनेगा? जब तक हम स्वयं नैतिकता को नहीं अपनाएंगे तब तक दूसरे लोग कैस नैतिकता की भारण में आएंगे? भवन का निर्माण तो सदा ही नीचे से होता है और अगर उसको सुंदर बनाना हो तो फिर ऊपर से किया जाता है। अगर हम बड़े लोग ही घटिया काम करेंगे तो फिर छोटे साधारण लोग अच्छे असूलों का अनुसरण कैसे कर पाएंगे?त्र कैसे दूसरे लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठेगा? अगर ऊपर से ही बेईमानी होगी तो फिर नीचे वाले क्यों न करेंगे?.....तो ऐसे कारनामों से आम लोगों का जीवन स्तर कैसे ऊपर उठ सकता है? साधारण लोगों का फिर कैसे भला हो सकेगा? अगर ऐसी ही स्थिति चलती रहेगी तो हमारे राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और बड़े बड़े अफसर कैसी अच्छी बातों को अपना सकते है जिन से प्रांत का और दे ा का भला हो। अगर इन सारी बातों को सरकार की बेईमानी का अनैतिकता का और दूसरी बातों का जिकर राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाशण में कर दिया होता तो मैं सब से पहला व्यक्ति होता जो इस अभिभाशण का समर्थन करता। अब मैं कैसे इस अभिभाशण पर राज्यपाल महोदय को

धन्यवाद दूं क्योंकि इस अभिभाशण में तो है ही कुछ नहीं, बिल्कुल खोखला है। राज्यपाल महोदय ने यह भी जिकर किया कि बहुत सारी सड़कें बन गई लेकिन यह तो सारा काम हमारी जनता सरकार का किया हुआ है। जब से भजनलाल दल–बदलुओं की सरकार इस प्रांत में आई है तब से इस राज्य में बेईमानी भ्रश्टाचार और जमाखोरी को बढ़ावा मिला है इस के मुकाबले में हमारी जनता सरकार के भाासन काल में बिल्कुल स्वच्छ प्र ाासन लोगों को मिला था आज हेराफेरी के केसिज में, बेईमानी के केसिज में, रि वतखोरी के केसिज में बड़े अफसरों को नहीं पकड़ा जाता बल्कि चपरासियों को ही पकड़ा जाता है। बड़े दुकानदारों पर एक ाान लिया ही नहीं जाता और छोटे दुकानदारों को तंग किया जाता है। जो बड़ी बड़ी मुर्गिया है, उनको पकड़ने में संकोच किया जाता है क्योंकि वे लोग इलैक ान के दिनों में इन को पैसा देते है और नाजायज काम लेते है इसलिये बड़े–बड़े अफसरों के खिलाफ रि वतखोरी के केसिज में एक ान नहीं लिया जाता क्योंकि इलैक ान के दिनों में उन से काम लिया जाता है। स्पीकर साहब, इन हालात में अच्छे वातावरण का होना कैसे सम्भव हो सकता है? बिल्कुल सम्भव नहीं हो सकता। वातावरण और बिगड़ेगा।

स्पीकर साहब, एक दो बातें और कहना चाहता हूं कि इलैक ान होने के बाद किस तरीके से एम0एल0एज0 को उस तरफ खींचने की कोि ा ा की गयी। कहीं डी0सीज के द्वारा जोर

डलवाया गया कि भाई आप की जमीन सरप्लस है, अगर कांग्रेस में आर जाओगे तो सब कुछ ठीक रहेगा नहीं तो जमीन हड़प कर ली जाएगी। कहीं 307 का केस बनाया जा रहा है कि भाई आपके खिलाफ यह केस है, इधर आ जाओ, नहीं तो नुक्सान उठाना पड़ेगा। इस तरह की तलवारें सदस्यों के सिरों पर लटकायी गयीं और आगे भी ऐसा किया जा रहा है। इस तरह के हथकंडे सरकारी म ाीनरी के द्वारा अपनाए गए। जो बातें राज्यपाल महादेय के अभिभाशण में आनी चाहिये थीं, वह नहीं आई और इन सारी बातों को अनदेखी कर दिया गया लेकिन इनकी आत्मा इनको झनझोड़ रही है कि हमने गलत काम किया है। इन सारी बातों को देखते हुए मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का जोकि ई वर सिंह जी ने राज्यपाल महोदय को धन्यवाद देने के लिये पे ा किया है, कड़े भाब्दों में विरोध करता हूं और इस के साथ ही साथ आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्री भले राम (बड़ौदा एस0 सी0): स्पीकर साहब, गवर्नर साहब का पद जो होता है वह बड़ा ही प्रतिश्ठा वाला पद होता है और गवर्नर केंद्र सरकार द्वारा भेजा हुआ केंद्र का एक नुमाइंदा होता है। उस का काम यह होता है कि वहां की सरकार की सारी की सारी कारगुजारी है, उसकी रिपोर्ट केंद्र को दें और जो गलतियां है, उनको भी द ार्ाये कि सरकार यह यह गलत काम कर रही है लेकिन देखने की बात यह है कि बजाये इसके कि .....

.....। इससे बुरी बात किसी प्रदे ा के लिये और क्या हो सकती है।? स्पीकर साहब, जिस ढंग से यहां हरियाणा में इलैक ान हुए आपको उसकी पूरी जानकारी है। आपको पता ही है कि सरकार ने लोगों में गलत तरीके से प्रचार किया। समाज में जहर फैलाने की पूरी कोि ा ा की और बड़े बड़े हथकंडे अपनाए। हरिजनों के बूथ वोटिंग के लिये अलग से बनवाये गये और जब गिनती होने लगी तो गिनती का काम सारा का सारा इक्ट्ठा करवाया गया। यह रिकार्ड की बात है आपको पता चल जाएगा। अगर अलग से गिनती करवाते तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हरिजनों के 90 प्रति ात वोट कांग्रेस के खिलाफ पड़े हुए पाए जाते। फिर भी मैं कहता हूं कि हरिजनों ने डट कर कांग्रेस के खिलाफ वोट दी है। इसलिये मैं यहां यह बताना चाहता हूं कि आने वाला टाईम बताएगा कि हरिजन किन लोगों के साथ है। मैं आपकों अपने ही हल्के की बता बताता हूं मेरे हल्कें में इलैक ान के दौरान राजीव गांधी आए, श्रीमती इंदिरा गांधी आयी और भी बहुत से कांग्रेसी नेता आए लेकिन फिर भी कांग्रेस का कहीं पता नहीं चला। यहां पर यह कहा जाता है कि श्री सुरेंद्र सिंह को 24–25 हजार वोट मिले हैं, बड़ी भारी अचीवमैंटस है लेकिन सारे हरियाणा में सब से ज्यादा अगर वोट किसी को पड़ें है तो वह भले राम को पड़े। मुझे 36 हजार के लगभग वोट पड़े है। (तालियां) लेकिन फिर भी जिस ढंग से चौधरी भजन लाल और दूसरे कांग्रेसियों ने अपोजी ान के एम0एल0एज0 को तोड़ने की कोि ा ा की है वह

बड़ा ही भार्मनाम तरीका था। एक एम0एल0ए0 को तो किडनैप करने की भी कोि ा ा की गयी। आज अखबार में एक खबर आई है कि 6 हरिजन एम0एल0ए0 कांग्रेस में आने वाले है। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि भजनलाल की जो तिजोरियां है वे भरी की भरी रह जाएंगी। दिलू राम जोगी राम और राम सिंह वगैरह जो हरिजन एम.एल.एज. है वे डिफैक्ट करने वाले नहीं है। हरिजन एम.एल.एज. की एक बात मैं यहां पर कहना चाहूंगा कि हम लोगों के सिर कट सकते है लेकिन हरिजन एम0एल0एज0 कभी बिक नहीं सकते । (अपोजी ान की ओर से तालियां) स्पीकर साहब, ये समझते है कि अखबारों में खबर आई है वह बिल्कुल सही है। जो मुख्य मंत्री जी का दावा हरिजन एम0एल0एज0 को तोड़ने का है वह गलत है। बे ाक हम झोपड़ियों में पैदा हुए लेकिन हम बिकाऊ माल नहीं हो सकते। स्पीकर साहब, गवर्नर साहब ने अपने अभिभाशण में जिक्र किया कि स्टेट में हरिजनों की भलाई के लिये बहुत काम हुए है। बहिन करतारी ने भी कहा कि हरिजनों को प्लाट और मकान दिये जा रहे है। पहले ये खुद कहा करती थीं कि हरिजनों को जो प्लाट दिये जा रहे है वे जोहड़ों में कट रहे है, क्या उनको डुबो कर मारोगें। गवर्नर साहब ने कहा कि सरकार की नीतियों से किसानों का बहुल भला होगा। इनको भार्म आनी चाहिए कि किसान अपने ट्रैक्टर लेकर पीसफु ल रैली में आना चाहते थे लेकिन उनके ट्रैक्टरों के टायर फाड़ दिये गये तथा और नुकसान भी पहुंचाया गया। आपक कहते है कि हम खेतीबाड़ी को बहुत

बढ़ावा देंगे लेकिन आप सोनीपत और रोहतक के इलाकों में जाकर देख लें कि वहां आज पानी की क्या हालत हैं वैसे तो सुरजेवाला जी खुद किसान है और मुझे आ ाा है कि वे कोई ऐसी वैसी बात नहीं करेंगे लेकिन हमैं क्षतरा है कि उन इलाकों में भाायद कम पानी दिया जाए। अगर आप एग्रीकल्चर को बढ़ावा देना चाहते है और पैदावार बढ़ाना चाहते है तो मैं प्रार्थना करूंगा कि ज्यादा से ज्यादा नहरों का इंतजाम करके पानी दिया जाना चाहिए। दूसरी बात यह है कि महेंद्रगढ़ के इलाके में हमारी कुछ स्कीमें चल रही है ठीक है ये बहुत अच्छी स्कीमें है लेकिन आज वे फेल है। इसका कारण यह है कि वहां पर बिजली बहुत कम मिलती हैं। बिजली कम होने की वजह से पानी लिफट नहीं होता और एक जगह इक्ट्ठा हो जाता है। इसका कारण वहां के जैनरेटर्ज की कैपेसिटी कम होना है क्योंकि उस बारे में कई जगहों से ि ाकायतें आई है। इसलिये वहां पर जो भी कमी हो उसको दूर किया जाना चाहिए।

अगली बात थर्मल प्लांटस की है। थर्मल प्लांटस से हम बिजली पैदा करते है लेकिन आजकल तो कोयला आ रहा है वह बहुत घटिया किस्म का आ रहा है। इसके अलावा तेल इस्तेमाल करने का भी कोई माप दंड नहीं है, अंदाजे से काम चलता है। आजकल तो टैक्नोलोजी काफी एडवांस है इसलिये तेल के लिये कोई मीटर सिस्टम होना चाहिए। स्पीकर साहब, आज थर्मल प्लांटस में बहुत धांधलेबाजी हो रही है इसलिये इनकी

वि ोशकर चैकिंग होनी चाहिए। मैं ज्यादा न कहता हुआ सिर्फ यह कहना चाहूंगा कि गवर्नर साहब ने बड़ी भारी गलती की है और यह एड्रैस पास नहीं होना चाहिए। इन भाब्दों के साथ मैं इस अभिभाशण का विरोध करता हूं।

श्री सागर राम (भिवानी): स्पीकर साहब, इस सदन में गवर्नर महोदय को धन्यवाद देने का जो प्रस्ताव रखा गया है, मैं उसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। स्पीकर साहब, मैं 15 साल के बाद दोबारा इस हाउस में आया हूं। मैं बड़ी उम्मीद लेकर आया था कि जो आदमी एम0एल0एज बन कर यहां बाते है वे 24 घंटे लोगों की तरक्की का ख्याल अपनी जुबान पर रखते होंगे। (विघ्न) स्पीकर साहब, मुझे यह देख कर दुख हुआ कि यहां बैठ कर बजाए इसके कि हम हरियाणा की तरक्की की बात सोचें और हम एक दूसरे की नुक्ता चीनी में अपना और हाउस का समय गंवाते हैं। मेरा अपने सभी साथियों से अनुरोध है कि अगर हम इस नोंक झोंक और एक दूसरे के ऊपर व्यक्तिगत लांछनबाजी लगाने और पीछे की बातें दोहराने की आदत छोड़ दें और रचनात्मक तरीके की बातें करें तो बहुत अच्छा होगा, इससे हरियाणा की तरक्की होगी। गवर्नर साहब ने अपने अभिभाशण में कई बातों का जिक्र किया है और इस बात में कोई भाक नहीं कि हरियाणा बहुत आगे बढ़ रहा है। आज अगर दे ा के दूसरे प्रांतों से हरियाणा का मुकाबला किया जाए तो चौधरी देवी लाल भी इस बात से इंकार नहीं करंगे कि आज हरियाणा उन प्रांतों में से एक

है जिन्होंने छलांगें मारकर तरक्की की है। केवल दो तीन स्टेट्स ऐसी है जिनमें हरियाणा की गिनती आती है। यह दूसरी बात है कि कुछ क्षेत्र ऐसे हों जिनमें तरक्की कम हुई हो और कुछ क्षेत्रों में ज्यादा हुई हो। जिन क्षेत्रों में कम तरक्की हुई है मैं उनका भी जिक्र करूंगा ताकि सरकार की तवज्जोह उधर भी दिला सकूं, लेकिन यह कहना कि हरियाणा आगे नहीं बढ़ा और चौधरी भजनलाल ने कोई काम नहीं किया, कांग्रेस पार्टी ने काम नहीं किया, मैं समझता हूं यह एक गैर जिम्मेदाराना बात है। इस प्रदे ा में दो अढ़ाई साल चौधरी देवीलाल की हकूतम रही और इधर जो भाई बैठे है उनमे से कुछ उसमें मंत्री भी रहे। दरअसल उस वक्त जो इनको चसका पड़ गया वह इनको ज्यादा तकलीफ दे रहा है। स्पीकर साहब, आप पिछली डिबेटस उठा कर देख लीजिए, यही लोग कहा करते थे कि हरियाणा ने बहुत तरक्की की है, हर क्षेत्र में चाह वह इंडस्ट्रीज का है, खेती बाड़ी का है या बिजली का हैं। स्पीकर साहब, आप देखें कि इस मुल्क को आजाद हुए आज 35 साल हो चुके है। इस दौरान इनकी हकूमत तो केवल दो अढ़ाई साल रही बाकी साढ़े 32 साल कांग्रेस की हकूमत रही। इस अर्से में जो तरक्की के काम हुए वे सारे कांग्रेस राज में ही हुए जोकि भुलाए नहीं जा सकते। आज हमारे विरोधी भाई कुछ भी कहें लेकिन मैं एक बात कहता हूं कि गवर्नर साहब धन्यवाद के पात्र है। गवर्नर साहब ने चौधरी भजनलाल की कांग्रेस (आई) की सरकार को ओथ दिला कर कोई गलत काम नहीं किया बल्कि एक अकलमंदी का काम किया है क्योंकि

हरियाणा की तरक्की के लिये एक स्थाई सरकार की जरूरत है। स्पीकर साहब आपने भी देखा कि सन् 1977 में दे ा की जनता ने तजुरबे के तौर पर तरह तरह की पार्टियों की सरकार बनवाई। वह सरकार सैंटर में भी बनी और हरियाणा में भी बनी। आपको मालूम है कि वे सरकारें कितने दिन तक चलीं। दो साल के बाद किसी का मुंह पि चम की तरफ हो गया और किसी का मुंह दक्षिण की तरफ हो गया। सभी कुर्सी के लिये आपस में लड़ने लग गये। मैं तो कहता हूं कि गवर्नर साहब ने बहुत अच्छा काम किया कि चौधरी देवी लाल को कस्म नहीं दिलवाई। अगर वे ऐसा कर भी देते तो मैं नि चित तौर पर कह सकता हूं कि 6 महीने से ज्यादा वह सरकार नहीं चल सकती थी। इसलिये अगर गवर्नर साहब ने इतनी अक्लमंदी दिखाई और कांग्रेस की सरकार बनाने की इजाजत दी तो उस में कोई गलत काम नहीं किया क्योंकि कांग्रेस सिंगल लारजैस्ट पार्टी है।

स्पीकर साहब, हमारी मु कल यह है कि मेरे विरोधी पक्ष के भाई अपने घर को तो काबू नहीं कर सकते दूसरों का क्या करेंगे? बहरहाल बहुत से इंडिपैंडैंट एम0एल0एज0 चुने गए थे। ये मेरे विरोधी पक्ष के भाई क्यों नहीं उनको अपनी पार्टी में बुलाने के लिये जा सकते, उसमें क्या दिक्कत है? वे हमारी पार्टी में क्यों भाामिल हो गए यदि विरोधी पक्ष के भाईयों में ताकत होती तो उनको अपनी पार्टी में भाामिल कर लेते लेकिन जिनमें ताकत होती है वे अपनी पार्टी में भाामिल कर लेते है। स्पीकर साहब, चौधरी

देवी लाल जी ने राज्यपाल महादेय को बहुत बुरा भला कहा। मैं अब भी एक बात रचनात्मक तरीके से कहना चाहता हूं कि चौधरी देवी लाल जी ने आज भी हमारी तरफ इ ाारा करके यह थरैट किया कि आप सै ान के बाद गांवों में आना फिर आपको मालूम होगा। स्पीकर साहब, मैं समझता हूं कि चौधरी देवीलाल जी जैसे आदमी को ऐसा कहना भाोभा नहीं देता। सारे अखबार इस बात के गवाह है कि चौधरी देवी लाल जी ने सिवाए थरैट करने के पिछले महीने में कोई भी अच्छा काम नहीं किया। ला एंड आर्डर को मैनटेन करने की जिम्मेदारी जितनी हमारी है उतनी ही इन लोगों की है। यदि चौधरी देवी लाल जी और इन की पार्टी ला एंड आर्डर की सिचुए ान को खराब करना चाहेगी तो क्या सरकार अपने हाथ पर हाथ रख कर बैठी रहेगी और चौधरी देवीलाल जी को थरैट का कोई नाटिस नहीं लेगी? यह सब कुछ इनकी थरैट के कारण हुआ था। चौधरी देवी लाल जी काबिल ही नहीं बल्कि बहुत बड़े लीडर है, मैं इनकी इज्जत करता हूं। लेकिन चौधरी देवीलाल जी सबसे बड़े डिफैक्टर है और कांग्रेस पार्टी से बदल कर उधर गए है। मैं फिर भी उनसे अर्ज करना चाहता हूं कि वे रचनात्मक रवैया अपनाएं। इस प्रकार के थरैटस से हरियाणा में कोई भी सरकार नहीं बन सकती।

स्पीकर साहब, इसके अलावा मैं एक बात यह कहना चाहता हूं कि राज्यपाल महोदय के अभिभाशण में लेबर के बारे में कोई जिक नहीं किया गया है लेकिन हमें आज इस बात का गौरव

है कि हरियाणा के अंदर मिनिमम वेजिज 340 रूपए है जोकि किसी भी स्टेट में नहीं है। बंगाल स्टेट में भी नहीं है जाहं पर सी0पी0एम0 की सरकार है। फिर भी मैं सरकार से दरख्वास्त करना चाहता हूं कि इसमें भी सुधार करने की जरूरत है। मैं अपनी सरकार की तवज्जोह इस ओर दिलाना चाहूंगा कि आज भी बहुत से कारखाने और फैक्ट्रीज ऐसी है जिनमें मिनिमम वेजिज वास्तव में नहीं दिया जाता है, ऐसे ही रजिस्टर तैयार कर लिये जाते है। इसलिये मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस ओर ध्यान दिया जाए। इसके अलावा स्पीकर साहब जिन किसानों की फसलें ओलों की वजह से और बिना वक्त के बारि ा होने की वजह से खराब हुई उनको मुआवजा दिया गया लेकिन भिवानी जिलें की बदकिस्मती कहें, चाहे अफसरों की कोई वजह हो और चाहे कोई पोलिटिकल रिजंज हों वहां पर किसानों को उनके नुक्सान का ठीक कम्पनसे ान नहीं दिया गया। इसलिये मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि सरकार इस बारे में जांच कराए और वहां के किसानों को ठीक मुआवजा दिलाया जाए। इन भाब्दों के साथ मैं गवर्नर साहब के अभिभाशण का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री अमर सिंह (बवानी खेड़ा, अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, हाउस के सामने गवर्नर साहब के अभिभाशण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव है मैं उसका विरोध करने के लिये खड़ा हुआ हूं। स्पीकर साहब, मैं पहली बार 1962 से 1967 तक एम0एल0ए0

रहा और 1972 से 1977 तक भी एम0एल0ए0 रहा हूं। उस दौरान में मैंने कभी भी नहीं देखा कि गवर्नर साहब का एड्रैस इनकम्पलीट हाउस में पे ा किया गया हो। इस अभिभाशण के साथ पिछले बजट अभिभाशण की कापी भी साथ जोड़ी जानी चाहिये थी जिसमें पिछली सरकार ने काम किए थे लेकिन इस अभिभाशण में न दसका कोई हवाला दिया गया है और न ही कोई कापी जोड़ी गई है। स्पीकर साहब, यदि इसके साथ वह कापी जोड़ कर अभिभाशण पे ा कर दिया जाता तो सभी एम0एल0एज0 को पता लगता कि पिछली सरकार की क्या नीति थी, क्या करना चाहती थी और आगे क्या काम करने की मं ाा है लेकिन इन्होंने इसके साथ उसकी कापी नहीं पे ा की। स्पीकर साहब, जहां तक मैं समझ पाया हूं वह यह है कि गवर्नर साहब के अभिभाशण में पीछे जाने वाले साल की और आगे आने वाले साल की कार्यवाही के बारे में विवरण होता है। इसके अलावा यह भी होता है कि सरकार की क्या नीति है और किस तरह से ला एंड आर्डर को मेनटेन करना है। इस प्रकार की सारी बातें इस अभिभाशण में आनी चाहिएं थीं। स्पीकर साहब, मेरे काबिल दोस्त चौधरी ई वर सिंह जी ने गवर्नर साहब के अभिभाशण पर धन्यवाद का प्रस्ताव बड़ी दबी जुबान से पे ा किया है। मैं इनकों किसी ऐसे मं ो से नहीं कह रहा कि वे मेरे साथ 1972 से 1977 तक असैम्बली में रहे है। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी नेक रामः स्पकीर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। (ाोर)

श्री अध्यक्षः आप बैठ जाईए, कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। (ाोर)

चौधरी अमर सिंहः स्पीकर साहब, मैं चौधरी नेकी राम जी का 1962 से 1967 तक का हवाला डिसकलोज नहीं करना चाहता। जहां तक ला एंड आर्डर की सिचुए ान है उसके बारे में मेरे से पहले बोलने वाले आनरेबल मैम्बर साहेबान ने बताई है। स्पीकर साहब एक महीने से एक ही प्रोग्राम चला हुआ है कि मैम्बरों को किस प्रकार तोड़ा जाए और किस तरह से दबाव डाला जा सकता है, किस तरह से इधर से उधर होर्सट्रेडिंग की जा सकती है।

स्पीकर साहब, गवर्नर साहब ने अपने अभिभाशण में जो 20 सूत्रीय आर्थिक कार्यकम का जिक किया है इस बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि हरियाणा में केवल दो सूत्रीय कार्यकम चला हुआ है। एक तो यह है कि पैसा दो ओर काम कराओ दूसरा यह है कि देहली में पैसा मारों और कुर्सी बचाओं। स्पीकर साहब 20 सूत्रीय आर्थिक कार्यकम को देखने से और पढ़ने से दे ा का कल्याण नहीं हो सकता। इस प्रोग्राम को इम्पलीमैंट करने से दे ा का कल्याण हो सकता है लेकिन इसकी इम्पलीमैंटे ान का इनके पास कोई प्रोग्राम नहीं है। स्पीकर साहब, यदि 20 सूत्रीय

आर्थिक कार्यक्रम की इम्पलीमैंटे ान हो जाए तो हरियाणा की एक करोड़ सात लाख की आबादी है जिसमें 42 लाख हरिजन है और पिछड़े वर्ग के भाई भी रहते है उनकी काफी भलाई हो सकती है। हाउस में 17 हरिजन मैम्बर है और इन सबकों कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिए थे। इन 17 मैम्बर्ज में 12 हरिजन मैम्बर्ज अपोजी ान में है और केवल पांच हरिजन मैम्बर कांग्रेस पार्टी (आई) में है। यह इनके बीस सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम की देन है। ये मेरे भाई कहते है कि हरजिनों को मकान बनाने के लिये प्लाट दे दिए, हरिजनों को उनके मकानों के लिये साइट प्लाट काट दिए। इस बारे में हर रोज मुख्य मंत्री जी ब्यान दिया करते है। इसके अलावा यह भी ब्यान दिया करते है कि हमने हरिजनों के घरों में बिजली लगा दी। स्पीकर साहब, मैं मुख्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आज भी हरियाणा के अंदर सैंकड़ों गांव ऐसे है जिनमें हरिजनों की किसी भी गली में बिजली नहीं है और बत्ती का कोई नामोनि ाान नहीं हैं। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब हरिजन बस्तियों में बिजली देने के नाम पर इन्होंने उल्टे लोगों में बिटरनैस पैदाप कर दी। इन्होंने गांवों में लोगों से एक एक रूपया चार्ज करना भुरू कर दिया है और ये कहते है कि इस पैसे से हम हरिजन बस्तियों में दी गई बिजली का खर्चा मीट करेंगे। इसके अलावा इन्होंने यह भी नारा लगा दिया कि हम हरिजन भाईयों को सरप्लस जमीन देंगे। डिप्टी स्पीकर साहब जब गांवों में कंसोलीडे ान हुई थी उस वक्त इन्होंने सरप्लस जमीन का एक कुर्रा बना दिया। इस प्रकार से

स्कैटर्ड कुर्रे एक बनाए गए थे। अगर सही मायनों में सरप्लस जमीन हरिजनों को अलाट करने की इनकी मं ाा होती तो इस तरह से जमीन के टुकड़ों को स्कैटर नहीं करते बल्कि कंसोलीडे ान में उनको एक जगह इक्ट्!ठा करके देते जिससे हरिजन भाईयों को राहत मिल सकती थी। लेकिन इनकी सरप्लस जमीन हरिजन में बांटने की मं ाा साफ नहीं थी सिवाय उनको आपस में लड़ानें के और आज भी ये ऐसी बात करके उनको आपस में लड़ाने की बात कर रहे है। डिप्टी स्पीकर साहब हरियाणा देहात का प्रांत है। इस प्रांत में भाहर बहुत थोड़े है। देहात में लोग आपस में मिल कर रहते है लेकिन जो सरकारी आदमी गांवों में जाते है । हमारे 11 हरिजन एम0एल0एज आज लोकदल में है जो इस तरफ बैठे है। एक हरिजन एम0एल0ए0 श्री मूलचंद .....स्वतंत्र रूप से चुन कर आया था वह अब मंत्री बन गया है। इस प्रकार हमारे 12 हरिजन एम0एल0एज0 थे। इन हरिजन मैंबरों को तोड़ने के लिये रोजाना मुख्य मंत्री जी नाजायज दबाव डाल रहे है। अहीर, जाट तथा गुजर पर तो ये दबाव डाल नहीं सकते लेकिन जो गरीब आदमी झौपड़ी में रहता है उस पर नाजायज दबाव डाला जा रहा है क्योंकि उनकी सुनने वाला कोई नहीं होता। जिस प्रकार एक कंवारी लड़की गुंडों से अपनी इज्जत बचाती है उसी प्रकार से हम भी अपनी इज्जत बचा रहे है। हमने अपनी आत्मा बेची नहीं हैं। (ाोर) सुरजेवाला जी बैठे बैठे कुछ कह रहे है। इनको तो मैं क्या कहूं। ये बहुत बड़े पुराने पार्लियामैंटेरियन रहे है। इनको बीच में बोलना नहीं चाहिए। ये

आजकल भजन लाल के दायं और बायं बाजू बने हुए है। आप को हरिजन भी वोट देते है। यह नहीं है कि आप बिना हरिजनों की वोट से यहां पर जीत कर आए है। हरिजनों की वोट के बिना तो आप जीत भी नहीं सकते। डिप्टी स्पीकर साहब हमारे एक साथी एम0एल0ए0 दिलूराम बाजीगर है वे यहां पर बैठे हुए है। उनके साथ जो व्यवहार किया गया है और जिस वातावरण का उन्हें सामना करना पड़ा है वह ब्यान से बाहर की बात है। यहां पर मनफूल सिंह बाल्मीकी विधायक भी बैठे है और राम सिंह भी बैठे हुए है। इन दोनों को मुख्य मंत्री जी ने किस तरह से किडनैप कराने की कोि ा ा की वह भी ब्यान से बाहर की बात है। आप इस बात को अच्छी तरह से जानते है। लेकिन यह सरकार गरीबी का नाजायज फायदा उठाने की कोि ा ा कर रही है। डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे एक भोर याद आ गया–

वादे मुखलिफ से ना घबरा ए उकाब,

ये तो चलती है तुझे ऊंचा उठाने के लिए।

डिप्टी स्पीकर साहब जितनी चिकनी मिटटी होगी वह उतनी ही चोटी पर लगेगी। यह सरकार अनैतिकता की नीति से अपना राज चला रही है। अनैतिकता से आज राज तो चला सकते है लेकिन लोगों के दिलों को नहीं जीत सकते। ताकत में मुख्य मंत्री मदमस्त हाथी पर सवार है और वह किसी चीज को नहीं देखता वही आप कर रहे है। आपको कुछ सोचना चाहिये।

डिप्टी स्पीकर साहब मेरा एक रि तेदार है, उसको इन्होंने नौकरी से निकाल दिया है। इस संबंध में मुझे फिर कहना पड़ रहा हैं कि–

मत सता गरीब को गरीब रो देगा,

अगर सुनी महात्मा गांधी के मालिक ने तुझे धरती से खो देगा।

मैं कह रहा था कि मेरे एक रि तेदार को इन्होंने नौकरी से निकाल दिया। इन्होंने उसको कम्पलसरी रिटायरमैंट दे दी। उसको 55 साल से 2 महीने 9 दिन पहले ही रिटायर कर दिया। जब कोर्ट में गए तो वह वापिस आया और अढ़ाई साल की तनख्वाह घर बैठे ली तथा 6 महीने की और नौकरी करके और परमो ान लेकर रिटायर हुआ। हमारे एक साथी विधायक मनफूल सिंह जी है वे बाल्मीकी जाति से ताल्लुक रखते है। इनके भाई का नाम भाायद कंवरभान है उसको इस सरकार ने डिसचार्ज कर दिया। (विरोधी पक्ष की ओर से भोम भोम की आवाजें) उस को यह कहा गया कि जब तक तुम अपने भाई को जो लोकदल में है, कांग्रेस में नहीं लावोगे तब तक तुम्हें नौकरी में बहाल नहीं करेंगे। (ाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कोई गलत नहीं बोल रहा। जिस हल्कें से मैं जीत कर आया हूं उस हल्के में मेरे मुकाबले में एक बहुत बड़ा मंत्री था। वह मंखी मुख्य मंत्री चौधरी भजन लाल का बायां और दायां बाजू था। उसको मैंने हराया है। मेरे विरूद्ध

सरकार ने चुनाव के दिनों में सारी सरकारी म ाीनरी को रात दिन एक कर रखा था लेकिन फिर भी इनको सफलता नहीं मिली। उस हल्के के अंदर इन्होंने लाखों रूपए बांटे है। (ाोर) वहां पर कहा जाता था कि यदि आप कांग्रेस को वोट नहीं देंगे तो आपको कम्पनसे ान का कोई पैसा नहीं मिलेगा। इन्होंने इस बात को खूब अच्छी तरह से उछाला। लोगों ने तंग हो कर कहा कि हमें तो पैसे चाहिएं आपको वोट दे देंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपको क्या क्या बताऊं। मेरे से कुछ कहा ही नहीं जा रहा। हमारी एक हरिजन बिहन करतारी देवी सदस्य है जो यहां पर बैइी हुई है। वैसे तो ये बड़ी स्पश्टवादी है किन्तु पता नहीं आज इन्हें क्या हो गया? एक दो बातें कह कर ही बैठ गई। एक बात तो इन्होंने यह कहीं कि मजदूरों की दिहाड़ी दस रूपये और चौदह रूपये कर दी है। दस रूपये दिहाड़ी विद भोजन और चौदह रूपये दिहाड़ी विदाउट भोजन। मैं इनसे कहता हूं कि आप तो समाजवादी है और समाज सेवा का काम करती है (विघ्न) क्या कहीं पर यह लागू है? इसी प्रकार से डिप्टी स्पीकर साहब जो सीरी का काम करते है उनको अपनी उचित मजदूरी नहीं मिलती जो रूपया सीरी को देना होता है उसमें से भी मालिक हेरा फेरी कर जाते है। गवर्नर साहब ने जो किया है वह सब को मालूम है और जो कुछ भी उन्होंने किया है वह गलत किया है..... ..... आज न जाने किसा किस तरीके से ये अपनी सरकार चला रहे है? आज की सरकार लोगों पर अनेक प्रकार के जुल्म ढ़ा रही है। जो हालात सरकार पैदा

कर रही है उससे वातावरण गम्भी होता जा रहा है। जिस प्रकार से ये अपनी गाड़ी चला रहे है इस तरह चलने वाली नहीं है। (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात और कहना चाहता हूं।

Mr. Deputy Speaker: Chaudhri Amar Singh Ji, you have already taken four minutes more, kindly wind up your speech. (Interruptions)

